राष्ट्रीय जलविज्ञान संस्थान

(जल संसाधन मंत्रालय, भारत सरकार)

राष्ट्रीय जलविज्ञान संस्थान की स्थापना जलविज्ञान तथा जल संसाधन विकास के क्षेत्र में आधारभूत, अनुप्रयुक्त एवं सामरिक अनुसंधान को संचालित करने के उद्देश्य से जल संसाधन मंत्रालय के अधीन एक स्वायत्तशासी संगठन के रूप में सन् 1978 में की गई थी। यह संस्थान उत्तराखण्ड राज्य के हरिद्वार जनपद के अंतर्गत रूड़की शहर में स्थित है।

अभिदृष्टि (विजन)

भारतवर्ष में जल क्षेत्र में दीर्घकालिक विकास तथा आत्म निर्भरता सुनिश्चित करने के लिए प्रभावी अनुसंधान एवं विकास उपायों के माध्यम से जलविज्ञानीय शोध को नेतृत्व प्रदान करना।

मिशन

- जलविज्ञानीय अध्ययनों के लिए किफायती तकनीकों, प्रणालियों, सॉफ्टवेयर पैकेज, क्षेत्रीय मापयंत्रण आदि का विकास।
- निदर्शन तकनीकों के माध्यम से परिवर्तनशील जल–भूविज्ञानीय मौसम, सामाजिक–सांस्कृतिक परिस्थितियों के अंतर्गत जल संसाधन उपलब्धता के परिदृश्यों का अध्ययन।
- जल संसाधनों पर जलवायु परिवर्तन के प्रभावों का आकलन करना तथा न्यूनीकरण और अनुकूलन के लिए उपाय सुझाना।
- जल संसाधन विकास तथा प्रबंधन के लिए भावी प्रौद्योगिकियां के अनुप्रयोग का प्रचार करना।
- आवश्यकता–आधारित जल संबंधी समस्याओं के लिए किफायती अनुसंधान एवं विकास उपाय प्रदान करना।
- विभिन्न हिस्सेदारों को विश्वसनीय परामर्श देना।
- क्षमता विकास तथा जल संसाधन विकास एवं संरक्षण के प्रति जागरूक बनाकर समुदायों को समर्थ बनाना।

अनुसंधान एवं विकास कार्य

- छोटे जलग्रहणों के लिए क्षेत्रीय बाढ़ सूत्र।
- बड़े बाँधों के लिए बाँध भंग बाढ़ विश्लेषण।
- हिमालयी क्षेत्र में अपमानित बेसिनों से जल लब्धि।
- सुदूर संवेदन तथा जी.आई.एस. के प्रयोग द्वारा बड़े जलाशयों का अवसादन विश्लेषण।
- बहुउद्देश्यीय तथा बहु–जलाशय तंत्रों का प्रचालन।
- छोटे जल विभाजकों से उपलब्धता तथा मृदा क्षरण।
- महानगरीय शहरों का जलगुणवत्ता विश्लेषण।
- भारतीय मानक ब्यूरो के लिए मानकों का विकास।
- जलविज्ञानीय विश्लेषण के लिए पद्धति।
- हिमालयी हिमनदों का जलविज्ञानीय विश्लेषण।
- नदियों के इंटरलिंकिंग का जलविज्ञानीय अध्ययन।
- सूखा प्रबन्धन तथा शमन अध्ययन।
- समस्थानिकीय तकनीकों के प्रयोग से झीलों में अवसादन दर का निर्धारण।
- भूजल पुनःपूरण एवं सिंचाई प्रतिगमन प्रवाह।
- रेडियल कलक्टर कूपों का डिजायन।
- जलविज्ञानीय उपकरणों का विकास।
- समुद्र–जल के अनुचित हस्तक्षेप का निर्धारण।

तकनीकी पत्रिका "जल चेतना"

राष्ट्रीय जलविज्ञान संस्थान, रूड़की वैज्ञानिक एवं तकनीकी कार्यों में राजभाषा हिन्दी के प्रचार–प्रसार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से "जल चेतना" नामक तकनीकी पत्रिका का प्रकाशन कर रहा है। पत्रिका में जल संबंधी तकनीकी रिपोर्टो, शोध कार्यों के अनुभव, तकनीकी जानकारियों तथा अन्य प्रासंगिक विषयों से संबंधित लेखों को प्रकाशित किया जाना प्रस्तावित है। समस्त प्रबुद्ध लेखकों से अनुरोध है कि वे उक्त पत्रिका के लिए अपने उपयोगी एवं महत्वपूर्ण लेख देकर जन सामान्य के तकनीकी एवं वैज्ञानिक ज्ञान को संवर्धित करने में हमें अपना सहयोग दें। सभी चयनित लेखों के प्रबुद्ध लेखकों को उचित पारिश्रमिक भी दिये जाने का प्रावधान रखा गया है।

सुधी पाठकों से अनुरोध है कि वे हमारी इस तकनीकी पत्रिका के नियमित सदस्य बनकर राजभाषा हिन्दी के प्रचार–प्रसार में सक्रिय भागीदारी निभाएं तथा जन–साधारण के तकनीकी ज्ञान के संवर्धन में सहयोगी बनें।

सदस्यता संबंधी जानकारी के लिए संपर्क करें :–
संपादक "जल चेतना"
राष्ट्रीय जलविज्ञान संस्थान, रूड़की– 247667 (उत्तराखंड)
दूरभाष सं. 09411774278 (मो.), 01332–249228
ई–मेल – rama@nih.ernet.in

अनुसंधान के मुख्य विषय

- भूजल निर्दशन एवं प्रबन्धन।
- जल संसाधन नियोजन एवं प्रबन्धन।
- बाढ़ एवं सूखा भविष्यवाणी तथा प्रबंधन।
- हिम तथा हिमनद गलित प्रवाह आंकलन।
- अमापित बेसिनों में निस्सरण की भविष्यवाणी।
- विशिष्ट क्षेत्रों में जल गुणवत्ता निर्धारण।
- शुष्क, अर्ध–शुष्क तटीय तथा डेल्टाई क्षेत्रों का जलविज्ञान।
- जलाशय/झील अवसादन।
- जल संसाधनों पर जलवायु परिवर्तन का प्रभाव।
- जलविज्ञानीय समस्याओं के समाधान हेतु आधुनिक प्रौद्योगिकी का अनुप्रयोग।

अधिक जानकारी के लिए के लिए सम्पर्क करें :–
आर. डी. सिंह
निदेशक
राष्ट्रीय जलविज्ञान संस्थान, जलविज्ञान भवन
रूड़की– 247667 (उत्तराखंड)
ई–मेल – rdsingh@nih.ernet.in
दूरभाष : +91 – 1332 – 272106,
फैक्स + 91 – 1332 – 272123
website : http://www.nih.ernet.in

जलविज्ञान तथा जल संसाधन के क्षेत्र में अनुसंधान एवं विकास कार्यों के लिए प्रतिबद्ध